सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - २ अंक - ३ २ सोमवार – ०३/०२/२०२५ पृष्ठ – ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### ट्रम्प मोदी दोस्ती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के साथ फोन पर हुई बातचीत के बाद जिस तरह से खुद ट्रंप ने पीएम मोदी के अगले महीने वॉशिंगटन आने की घोषणा की, उसे सामान्य नहीं कहा जा सकता। कहीं न कहीं इससे इस संभावित यात्रा की अहमियत रेखांकित होती है। अच्छी बात यह भी है कि ट्रंप के खुलेपन के चलते द्विपक्षीय रिश्तों के अगले दौर को लेकर होने वाली बातचीत का अजेंडा काफी हद तक स्पष्ट हो गया है।

ट्रंप अवैध प्रवासियों पर शुरू से मुखर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पीएम मोदी इस पर वही करेंगे, जो सही होगा। वैसे विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही कह चुके हैं कि भारत अवैध प्रवासन के पक्ष में नहीं है औरसही तरह से पहचान हो जाने के बाद इन्हें वापस लेने को तैयार है। इसलिए इस पर दोनों पक्षों में सैद्धांतिक सहमति है। यानी अब व्यावहारिक पहलुओं पर ही कुछ स्पष्टता लाने की जरूरत होगी।

ट्रंप ने यह भी साफ कर दिया कि वह चाहते हैं भारत अमेरिका में बने रक्षा साजोसामान की खरीदारी बढ़ाए। फेयर ट्रेडिंग पार्टनरशिप की ओर बढ़ने पर भी उनका जोर है। इसके अलावा रिपब्लिकन सांसदों को संबोधित करते हुए उन्होंने चीन और ब्राजील के साथ ही भारत का नाम लेते हुए टैरिफ लगाने की धमकी दी। अगर ट्रंप की अपनी खास शैली से अलग हटकर देखें तो ये सभी ऐसे मसले हैं, जिन पर पॉजिटिव नजरिए से बातचीत के जरिए सहमति बनाना मुश्किल नहीं होगा।

ट्रंप की बातों से भी यह स्पष्ट हो जाता है कि दोनों देश एक–दूसरे के सहयोग की जरूरत को महसूस करते हैं। अगर ट्रंप चाहते हैं कि भारत, अमेरिका में बने रक्षा साजोसामान की खरीदारी बढ़ाए तो जाहिर है कि उससे होने वाले फायदे उनकी नजरों से छुपे हुए नहीं हैं। भारत ने भी फेयर ट्रेडिंग पार्टनरशिप की ओर बढ़ने और खरीद बढ़ाने को लेकर खुलापन दिखाया है।

## वित्तमंत्री का 2025 का बजट पेश 12 लाख तक की आया पर टेक्स नही , चुनावी वाली दिल्ली में एसे 40 लाख करदाता - अरविन्द केजरीवाल

**वित्तमंत्री निर्मला सितारमाण ने 77 मिनट के भाषण में 9 बार बिहार का नाम लिया**

सीतारमण ने शनिवार को 50.65 लाख करोड़ का बजट पेश किया। बजट में नौकरीपेशा के लिए 12.75 लाख और बाकी करदाताओं के लिए 12 लाख रुपए तक की आय टैक्स फ्री करने का ऐलान किया। ऐसा कर सरकार ने मध्यम वर्ग को साधा और दिल्ली को भी जहां 4 दिन बाद 5फरवरी को वोटिंग है। दिल्ली की आबादी 3 करोड़ 38 लाख है। इनमें से 40 लाख लोग टैक्स भरते हैं। दिल्ली में 1.55 करोड़ कुल वोटरहैं। पिछले साल अक्टूबर में केजरीवाल ने कहा था कि दिल्लीवाले 1.78




लाख करोड़ इनकम टैक्स देते हैं। नए स्लैब से यहां की 67: मिडिल क्लास आबादी प्रभावित होगी। सीतारमण ने इलेक्ट्रिक कार, मोबाइल और एलईडी सस्ते होने का रास्ताखोला। कैंसर और कुछ जरूरीदवाओं के दाम भी कम होने का ऐलान किया। उन्होंने 77 मिनट के भाषण में 9 बार बिहार का जिक्र करराज्य के लिए मखाना बोर्ड बनाने समेत कई घोषणाएं कीं। यहां साल के आखिर में चुनाव होने हैं। वे बजट भाषण के लिए भी बिहार की प्रसिद्ध मधुबनी साड़ी पहनकर पहुंची थीं।सरकार 8वां वेतन आयोग बनाने की घोषणा कर चुकी है। कहा जा रहा है कि आठवें वेतन आयोग से ज्यादातर केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी 12 लाख के पार चली जाएगी, इसलिए वित्तमंत्री ने जो आज 12 लाख रुपए तक की इनकम टैक्स–फ्री की है, उसका उन्हें फायदा नहीं मिलेगा।

## संसद में राष्ट्रपति का अभिभाषण ,सोनिया के बेचारी कहने पर विवाद

**आदिवासियों का अपमान - मोदी**



बजट सेशन में अभिभाषण से पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सांसदों से मिलने के दौरान सोनिया गांधी से भी मिली थीं। 18वीं लोकसभा के बजट सत्र का आज पहला दिन था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा के जॉइंट सेशन में 59 मिनट का अभिभाषण दिया। उनके इस अभिभाषण पर कांग्रेस नेताओं की टिप्पणी पर विवाद हो गया। सोनिया गांधी ने द्रौपदी मुर्मू के लिए बेचारी शब्द इस्तेमाल किया। वहीं राहुल ने भाषण को बोरिंग बताया। भाजपा ने इसे आदिवासी समाज का अपमान बताया और माफी की मांग की। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा कि राष्ट्रपति के लिए ऐसे बयान गरीबों और आदिवासियों का अपमान है। वहीं राष्ट्रपति भवन के प्रेस सेक्रेटरी ने भी सोनिया गांधी के बयान पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा– विपक्षी सांसदों का बयान दुर्भाग्यपूर्ण और राष्ट्रपति की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है।

## मध्यप्रदेश के पुर्व विधायक का बेटा निकला चेन स्नेचर घर से भागकर अहमदाबाद आया प्रेमिका की जरूरत पुरी करने के लिए बना अपराधी l

**आरोपी ने बताया की कुछ महिने पहले ही वह माता - पिता को छोड कर अहमदाबाद आया।**




अहमदाबाद की घाटलोडिया पुलिस ने गुरुवार को एक चेन स्नेचर को गिरफ्तार किया। थाने में जब आरोपी की पहचान हुई तो सुनकर पुलिस भी चौंक गई। क्योंकि, आरोपी मध्यप्रदेश के पूर्व विधायक का बेटा निकला। पूछताछ में उसने बताया कि गर्लफ्रेंड की जरूरतें पूरी करने के लिए उसने पहली बार चेन स्नेचिंग की वारदात की थी और पकड़ा गया। घर से भागकर आया था अहमदाबाद – पूछताछ में 25 वर्षीय प्रद्युम्न सिंह चंद्रावत ने बताया कि कुछ महीनों पहले ही वह माता–पिता और घर को छोड़कर अहमदाबाद आ गया था। यहां पर 15 हजार रुपएकी नौकरी करने लगा। नौकरी के दौरान, उसे एक लड़की से प्रेम हो गया। लेकिन, 15 हजार की सैलरी में वह गर्लफ्रेंड की जरूरतें पूरी नहीं कर पा रहा था, जिसके चलते वह अपराध की ओर मुड़ गया। पुलिस ने 25 वर्षीय प्रद्युम्न सिंह को अहमदाबाद के थलतेज इलाके से गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि प्रद्युम्न मध्य प्रदेश के नीमच जिले के मनासा तालुका स्थित मालाहेड़ा गांव का रहने वाला है और उसके पिता 15 साल पहले विधायक थे। लेकिन प्रद्युम्न अपने माता–पिता से अलग होकर अहमदाबाद में रह रहा था।

## कुम्भकरण छ:महिने मे नींद से जागता है पर चुनाव आयोग नही - केजरीवाल

दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग की तुलना कुंभकरण से की है। उन्होंने ग पोस्ट में लिखा, श्रामायण में लिखा है कि कुंभकरण 6 महीने सोता था, और फिर 6 महीने जागता था। चुनाव आयोग तो शायद जागता ही नहीं है। उनकी ये टिप्पणी आप की प्रचार वैन पर हुए हमले पर आई। विधानसभा क्षेत्र में आप की प्रचार वैन पर कुछ लोगों ने हमला किया। इसके बाद आप ने हमले का आरोप भाजपा पर लगाया। आप ने हमले का वीडियो भी जारी किया।

## दावा ममता कुलकर्णी और किन्नर महामंडलेश्लेश्वर लक्ष्मीनारायण निष्कासित अजय दास का दावा

**खुद को किन्नर अखाडे के संस्थापक बताते है अजय दास**



खुद को किन्नर अखाड़ा के संस्थापक बताने वाले ऋषि अजय दास ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा– मैंने लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी और अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर पद से हटा दिया है। ममता को महामंडलेश्वर बनाने में प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया, जिस पर (ममता पर) देशद्रोह का आरोप हो।उसे महामंडलेश्वर कैसे बनाया जा सकता है दास ने ये भी कहा कि ये कोई बिग बॉस का शो नहीं है, जिसको कुंभ के दौरान एक महीने चला दिया जाए। लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी को मैंने किन्नर समाज के उत्थान और धर्म के प्रचार–प्रसार के लिए आचार्य महामंडलेश्वर बनाया था, लेकिन वह भटक गईं।

ऐसे में मुझे एक्शन लेना पड़ा। महामंडलेश्वर लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी ने अजय दास के दावे को खारिज किया है। उन्होंने कहा– वे कौन होते हैं, मुझे अखाड़े से निकालने वाले। 2017 में अजय दास को किन्नर अखाड़े से निकाल दिया गया है। वो निजी स्वार्थ के लिए ऐसा कह रहे हैं। इधर, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने कहा कि हम लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के साथ हैं।

## दिल्ली चुनाव के बीच प्रधनमंत्री मोदी को बयान आप-दा ने दिल्ली को पैसा लुटा

**ये खुद को दिल्ली ओर कॉंग्रेस खुद को देश का मालिक समझती है**



दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज द्वारका में रैली की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार का अहंकार देश ने फिर देखा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद को संबोधित किया।

उनकी मातृभाषा हिंदी नहीं है, लेकिन उन्होंने बेहतरीन भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार उनके अपमान पर उतर आया है। राष्ट्रपति ओडिशा आदिवासी परिवार से निकलकर यहां तक पहुंची हैं। ये देश के 10 करोड़ आदिवासियों का अपमान है। जो जमीन से उठकर ऊपर आते हैं, उनको कांग्रेस का शाही परिवार पसंद नहीं करता। गरीब, दलित, आदिवासी और ओबीसी समाज से जो भी लोग आगे बढ़ते हैं, कांग्रेस उनको अपमानित करती है। कांग्रेस और आपदा दोनों में बहुत अहंकार हैं। ये आप–दा वाले खुद को दिल्ली का मालिक बताते हैं। कांग्रेस वाले खुद को देश का मालिक समझते हैं। उन्होंने कहा कि आप–दा वालों ने दिल्ली को अपनी राजनीति चमकाने का ।ज्ड बना लिया है। इन लोगों ने दिल्ली का पैसा निचोड़ लिया है, लूट लिया है। जिन्होंने दिल्ली को लूटा है, उन्हें लौटाना ही पड़ेगा।

## केजरीवाल के आठ विधायको का इस्तीफा l

**टिकट नहीं मिलने से थे नाराज**

दिल्ली विधानसभा चुनाव से 5 दिन पहले शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के 8 विधायकों ने पार्टी और पद से इस्तीफा दे दिया। इन सभी ने विधानसभा चुनाव में टिकट न मिलने और पार्टी में भ्रष्टाचार को इस्तीफे की वजह बताया। महरौली से दो बार के विधायक नरेश यादव ने कहा आप का उदय भ्रष्टाचार के खिलाफ हुए अन्ना आंदोलन से भारतीय राजनीति से भ्रष्टाचार को मुक्त करने के लिए हुआ था। लेकिन अब मैं बहुत दुखी हूं कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार बिल्कुल भी कम नहीं कर पाई, बल्कि खुद भ्रष्टाचार के दलदल में फंस चुकी है।



डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in


पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

SWATANTRA BODDHIK PATRA

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/













| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/ | होम पेज पर केटेगिरी मे जाए | ई-पेपर केटेगिरी चुने | समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे ! |

# निःशुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल https://sbpatra.in/ से डाउनलोड कर सकते है।






पकडेन के लिए सीढी लगाकर घर में घुसी पुलिस

पहले फैज में 33 व कुछ दिन बाद बाकियों की रिहाई

## बाइडेन बोले चीन कभी अमेरिका से आगे नही निकल पाएगाँ युएस सुपर पावर बना रहेगा,हमारा अफगान में जंग रोकना सही फैसला था

हमने चीन के साथ रिश्ता को बेहतर मैनेज किया

खबरों के लिए लोगिंन करे

https://sbpatra.in/